>

Title : Need to make proper arrangements for procurement of paddy from the farmers in Uttar Pradesh.

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** महोदय, भारत सरकार ने किसानों को धान की फसल का उचित मूल्य देने हेतु 950 से 1050 रूपए तक सरकारी खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। उत्तर प्रदेश में और खासकर बाराबंकी जनपद में धान खरीददारी नहीं हो रही है। किसानों को भविष्य में उनका धान खरीदने के लिए तीन-तीन महीने की आगे की तिथि के लिए कूपन दिए जा रहे हैं और वो भी लगभग एक चौथाई उपज के लिए। किसानों को बाध्य होकर बाजार में या बिचौलियों को कम मूल्य पर अपना धान बेचने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

मेरी मांग है कि किसान जब भी धान क्रय केन्द्र पर पहुंचे तत्काल पूरा धान खरीदने की व्यवस्था होनी चाहिए। मैं चाहूंगा कि इस मामले में केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करें और किसानों के धान के क्रय की सुचारू व्यवस्था करे।